Australian Government

# बहुसाँस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया में सभी के लिए निष्पक्षता को बढ़ावा

## रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण

यह बहुसाँस्कृतिक फ्रेमवर्क समीक्षा एक पीढ़ीगत सुधार कार्यक्रम (एजेंडा) है जिस पर सभी प्रशासनिक स्तरों पर और सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता है जो ऑस्ट्रेलिया को, विभिन्न सँस्कृतियो, आस्थाओं और विभिन्न प्रकार के जीवन के अनुभवों से निर्मित एक राष्ट्र के रूप में अपने संपूर्ण सामर्थ्य को पहचानने की स्थिति में ला देंगे।

इस रिपोर्ट को ऑस्ट्रेलियाई सरकार तक पहुँचाने में, यह समीक्षा ऑस्ट्रेलिया भर में हुई 216 सार्वजनिक चर्चाओं के माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई थी। पैनल ने जनता द्वारा जमा करवाई गई 796 प्रविष्टियों (15% अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषा में थीं) पर भी विचार किया और बच्चों और युवाओं के लिए एक कला प्रतियोगिता भी रखी गई थी, जिससे सभी पीढ़ियों का इसमें भाग लेना सुनिश्चित हो सका।

संबंधित प्रशासनिक स्तरों के साथ मिलकर सह-रचना और सह-निर्माण के लिए, और ज़िम्मेदारी तथा जवाबदेही साझा करने के लिए, समुदायों ने पैनल से संवाद के समय, निर्णय लिए जाने की प्रक्रियाओं का हिस्सा बनने की अपनी आकांक्षाओ के बारे में, सुदृढ़, एकीकृत आवाज़ में अपनी बात रखी।

इन समस्याओं का समाधान, न तो समुदायों, क्षेत्रों (सैक्टर्स), संस्थानों और संगठनों द्वारा, न ही केवल एक आयु वर्ग के द्वारा अकेले किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया में एक समावेशी समाज के लिए सभी ज़िम्मेदार हैं; हमारे कार्य-स्थलों पर, समाजिक संवादों में, ऑनलाइन या आमने-सामने, सभी लोगों को समावेशिता, निष्पक्षता, सम्मान तथा समानता के लिए अधिकारों के प्रति जागरूकता रखनी चाहिए और किसी भी तरह के भेदभाव की रोकथाम के प्रयास करने चाहिए।

सभी प्रशासनिक स्तरों में साझा स्वामित्व तथा प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए, यह रिपोर्ट ऑस्ट्रेलियाई सरकार से 29 सिफारिशों को प्राथमिकता से निष्पादित करने के लिए कहती है।

इन सिफारिशों को रेखांकित करते हुए, हम बहुसाँस्कृतिक फ्रेमवर्क के लिए एक कार्यक्रम प्रस्तावित करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, सही संस्थात्मक परिवेशों के साथ, सभी लोगों के लिए एक सफल, निष्पक्ष बहुसाँस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया को बनाए रखने के लिए आवश्यक, निरंतरता प्रदान करना है। पर्याप्त आकड़ों, अनुसंधान और प्रस्तुत की गई रिपोर्ट्स द्वारा समर्थित, इस कार्यक्रम की मुख्य बातें इस प्रकार हैं:

## जुड़ाव (संपर्कों) के माध्यम से आधारशिला तैयार करना

- सामाजिक एकजुटता, साँस्कृतिक पहचान, अवसरों की समानता पर आधारित बहुसँस्कृतिवाद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर द्विदलीय प्रतिबद्धता
- फ्रेमवर्क के निष्पादन की अगुवाई करने के लिए बहुसाँस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया आयोग की सिफारिश के साथ-साथ, मज़बूत नेतृत्व तथा जवाबदेही
- समर्पित बहुसाँस्कृतिक मामले, ईमीग्रेशन तथा नागरिकता विभाग (Department of Multicultural Affairs, Immigration and Citizenship) के माध्यम से नीतिगत योजना और समन्वय
- देश भर में तथा समुदायों में, बहुसाँस्कृतिक मंत्री स्तरीय मंच (Multicultural Ministerial Forum) तथा बहुसाँस्कृतिक समुदाय सलाहकार परिषद (Multicultural Community Advisory Council) के बीच परस्पर सहयोग

## पहचान तथा सम्बद्धता के माध्यम से एक विनम्र तथा मैत्रीपूर्ण बर्ताव करने वाले ऑस्ट्रेलिया को बढ़ावा देने में सहायता करना

- सद्भाव (हार्मनी) सप्ताह सहित अन्य तरीकों से बहुसँस्कृतिवाद का उत्सव मनाने के लिए राष्ट्रीय योजना बनाना और जातीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय दिवस को औपचारिक रूप से मनाना
- सामाजिक आर्थिक परिणामों के लिए एक वहनीय राष्ट्रीय भाषा नीति को लागू करना
- नागरिकता के लिए एक ऐसी नई प्रक्रिया जो एक आधुनिक, बहुसाँस्कृतिक राष्ट्र को दर्शाती हो
- एक स्वतंत्र तथा विविध मीडिया क्षेत्र (सैक्टर)
- कला और खेलकूद के माध्यम से समाजिक बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए सामुदायिक संगठनों और साँस्कृतिक कार्यक्रमों में निवेश
- ऑस्ट्रेलिया भर में प्रथम राष्ट्रों के इतिहास की समझ ज़्यादा गहरी हो इसके लिए पहल करना, जैसे कि नागरिकता प्रक्रियाओं, नागरिक सहभागिता, स्थाई निवास और शिक्षा के मार्गों के माध्यम से इस इतिहास को प्रस्तुत करना

## सहयोगात्मक समावेश के माध्यम से सेवाओं में सुधार करना

- स्वास्थ्य, अक्षमता (डिसेबलिटी), शिक्षा, वृद्ध देखभाल तथा आवास सहित अन्य क्षेत्रों में ऐसी सेवाएँ उपलब्ध हों जो साँस्कृतिक आवश्यकतानुसार सेवाएँ उपलब्ध करवा सकें
- ऑस्ट्रेलियाई जन सेवा में सर्वत्र साँस्कृतिक क्षमताओं का उत्थान, जो कि जवाबदेह नेतृत्व के माध्यम से एपीएससी द्वारा संचालित हो

– वहनीयता और निश्चितता पर केन्द्रित आधुनिकृत बहुसाँस्कृतिक ग्रांट योजना

– साँस्कृतिक तथा डिजिटल विभाजन को कम करने के लिए नीतियों का खाका तैयार करना और उन्हें निष्पादित करना

– युवा लोगों और क्षेत्रीय समुदायों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान देना

– बहुसाँस्कृतिक नीति तथा सेवा के लिए वर्गीय तथा लैंगिक समानता का नज़रिया अपनाना।